卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 10 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦16 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## लकड़ी तस्करों ने की फायरिंग,वनकर्मी घायल

### देर रात हुई वन कर्मियों और तस्करों मी मुठभेड़,हमला करने के बाद सभी तस्कर हुए फरार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। देर रात वन कर्मियों और लकड़ी तस्करों में मुठभेड़ हो गयी। तस्करों ने वन विभाग की टीम पर गोलियां चला दी जिसमें एक वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया है। मौके से तस्कर फरार हो गये। टीम ने 50 कुंटर खैर की लकड़ी समेत एक कार और चार बाईकें मौके से बरामद की है। पुलिस ने वन विभाग की तहरीर के आधार पर पांच तस्करों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात वन विभाग की टीम ध्यानपुर व सरोंजा क्षेत्र में गश्त कर रही थी कि तभी गश्ती टीम को सूचना मिली कि कैथुलिया में अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह के घर में अवैध लकड़ी से भरा एक वाहन खड़ा है, जिस पर वन विभाग की टीम में शामिल भूपाल सिंह वन आरक्षी, विनोद मेहता,जितेन्द्र सिंह विष्ट,भूपेन्द्र कुमार, नितेश चौहान,मनोज राणा के साथ अमरीक सिंह घर पहुंचे तो वहां मौजूद आधा दर्जन से अधिक लोग चार पहिया वाहन में खैर की लकड़ी लाद रहें थे। वन विभाग की टीम के आते ही अमरीक सिंह की ललकार पर उसके पुत्र चरनजीत सिंह निवासी कैथुलिया ने ललकारते हुए



वन विभाग की टीम से मारपीट शुरू कर दी और अवैध असलहा से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में एक वन कर्मी जितेन्द्र सिंह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वन कर्मियों ने अपनी जान बचाने का प्रयास किया लेकिन 4-5 तस्करों ने पुन: टीम पर लाठी डण्डों से हमला कर कब्जें में ली गई दो मोटरसाईकिल छुड़ा कर फरार हो गए। घटना की सूचना 112 व वन विभाग के अधिकारियों को दी। तस्करों की फायरिंग में घायल वन कर्मी को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वन विभाग की टीम पर फायरिंग की सूचना पर पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। एसपी सिटी मनोज कत्याल , सीओ विमल रावत ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पर पहुच गए। फरार तस्करों की तलाश में पुलिस द्वारा कई स्थानों पर दविश दी गई है। पुलिस ने भूपाल सिंह की तहरीर पर अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह निवासी कैथुलिया, चरनजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी कैथुलिया, बलजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी टुकड़ी, भगत सिंह पुत्र सन्ता सिंह निवासी टुकड़ी, मलकीत सिंह ऊर्फ विटटु निवासी ध्यानपुर के खिलाफ लकड़ी की तस्करी करने व राजकीय कार्य में बाधा डालने समेंत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता,अधिवक्ता पर अपहरण और रेप का आरोप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास क्षेत्र के एक पीजी से छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गयी। छात्रा ने अपनी ताई को फोन करके बताया कि उसे एक अधिवक्ता जबरदस्ती अपने साथ ले गया है और उसके साथ रेप किया है, उसके बाद से छात्रा का मोबाइल बंद है। छात्रा के भाई ने मामले में पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शारदा पावर हाउस खटीमा निवासी एक युवक ने आवास विकास चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन आवास विकास स्थित एक गर्ल्स पीजी में रहकर पढ़ाई कर रही है। 14 अक्टूबर की दोपहर बहन ने अपनी ताई के मोबाइल पर फोन किया और कहा कि उसे एक वकील बहला फुसलाकर जबरदस्ती अपने साथ ले गया और उसके साथ मारपीट करते हुए रेप किया, मुझे बचा लो। इतना कहकर छात्रा ने फोन काट दिया। छात्रा के भाई ने बताया कि उसकी ताई ने इस बात की जानकारी जब उसे दी तो वह तुरंत गर्ल्स पीजी पहुंचा लेकिन बहन वहां पर नहीं मिली। उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो (शेष पृष्ठ सात पर)


## दो डंपरों की जोरदार भिड़ंत में हैल्पर की मौत

### रामनगर रोड पर रमपुरा के समीप तड़के हुआ दर्दनाक हादसा,आरोपी चालक फरार

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड पर रमपुरा के समीप तड़के खनन से



ओवरलोड एक अनियंत्रित डंपर की सड़क किनारे खड़े एक अन्य डंपर से तगड़ी भिड़ंत हो गई। हादसे में खलासी ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि डंपर चालक के सिर में गंभीर चोटें आई। घटना के वक्त मृतक गाड़ी के टायरों से फंसी गिट्टियों को



निकाल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अकस्मात घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक धारकनगला, भोजपुर, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी आदित्य कुमार 18 वर्ष पुत्र डालचंद पिछले लगभग पखवाड़े भर के करीब से डंपर में खलासी का काम करता है। पता चला है कि सुबह बहोरनपुर भोजपुर, थाना भगतपुर, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी डंपर चालक के साथ खलासी आदित्य स्टोन क्रेशर से खनन लोड कर यूपी की ओर जा रहा था। मार्ग में रामनगर रोड पर रमपुर के समीप चालक ने गाड़ी साइड लगा दी। इस दौरान खलासी आदित्य गाड़ी से नीचे उतरकर टायरों में फंसी गिट्टियां निकालने लगा। बताया जा रहा है कि तभी पीछे से तेज गति से चले आ रहे खनन से ओवरलोड एक अन्य डंपर के चालक ने सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। टकराहट इतनी जोरदार थी कि सड़क किनारे खड़ा डंपर आगे बढ़ गया और टायरों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कलयुगी पिता ने बेटी को बनाया हवश का शिकार

### पत्नी के काम पर जाते ही बेटी के साथ करता था दुष्कर्म, पुलिस जांच में जुटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक ओर सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा देकर समाज में बेटियों को सुरक्षित एवं शिक्षित करने का अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी ओर आज बेटियां स्वयं अपने घर में ही सुरक्षित नहीं रह गई हैं। ऐसा ही एक मामला ट्रांजिट कैम्प में सामने आया है जहां एक पिता पत्नी के काम पर जाते ही अपनी ही पुत्री को हवस का शिकार बनाता रहा। मामला खुलने पर गत रात्रि तमाम लोगों ने ट्रांजिट कैम्प थाने जाकर आरोपी पिता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जाता है कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश निवासी परिवार यहां किरायेदार के रूप में रहता है। जिसमें महिला काम पर जाती है जबकि उसकी पुत्री घर में रहती है। वहीं महिला का पति भी अक्सर ही घर पर ही रहता है। बताया जाता है कि गत दिवस महिला की बहन उसके घर आई तो भांजी को रोते हुए देखा। जब उसने जोर देकर रोने का कारण पूछा तो जो कुछ भांजी ने बताया उसे सुनकर उसके पैरों के तले जमीन खिसक गई। भांजी ने बताया जब भी उसकी मां काम पर जाती थी तो उसका पिता उसके साथ बलात्कार करता था। जब वह इसका विरोध करती है तो वह मारपीट करने लगते हैं। साथ ही कहते है यदि इस बात को किसी को बताया तो तुझे जान से मार दूंगा। भांजी की बातें सुनकर उसकी मौसी ने अपनी बहन के घर वापस आने पर उसे सारी बात बताई। सारी बात सुनकर वह बेटी के गले मिलकर रोने लगी। परिवार में शोर होने पर अन्य कई लोग भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपी पिता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़िता से मामले की विस्तार से जानकारी ली और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## बस की टक्कर से ट्रैक्टर के परखच्चे उड़े,दो घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज तड़के बिलासपुर मार्ग पर कोतवाली के समीप निजी बस की टक्कर से मार्ग किनारे खड़े ट्रेक्टर के परखच्चे उड़ गए। बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में ट्रेक्टर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए ।घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। जिसमे शफातुन्नबी पुत्र लियाकत अली निवासी जयनगर जंगल खत्ता,दिनेशपुर ने कहा है कि आज सुबह समय करीब 4 बजे में वह





अपने साथियों अरशद अली, मौ.असलम और एक लेबर दिलशाद सहित अपने चचेरे भाई मौ०असलम पुत्र मौ०अली के ट्रैक्टर संख्या यूके 04-एजे 4140 जिसके साथ जुड़ी ट्राली में हम डिबडिया से अपने पालतू जानवरों के लिए पराली भरकर अपने घर को जा रहे थे। रास्ते में एक होटल के सामने पराल से भरी हुई हमारी ट्राली में पराली को रोके रखने वाला रस्सा टूट जाने के कारण पराली बायीं ओर रोड से अलग लटक गयी और हमारी ट्राली सड़क के बायीं तरफ तिरछी हो गयी। जिस पर यहाँ मौजूद रम्पुरा पुलिस चौकी के ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## आईएमपीसीएल के निजीकरण के खिलाफ निकाली पद यात्रा

रामनगर (उद संवाददाता)। मोहान क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की दवा कंपनी आईएमपीसीएल के निजीकरण की तैयारी के विरोध में कर्मचारियों ने बुधवार को रामनगर पहुंचकर पद यात्रा निकाली। पद यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी शामिल हुए। उन्होंने निजीकरण को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाये। मोहान स्थित दवा कंपनी आईएमपीसीएल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी का कर्मचारी पिछले कई दिनों से विरोध कर रहे हैं। विरोध स्वरूप बुधवार को कर्मचारियों ने रामनगर की सड़कों पर पद यात्रा निकाली। इस दौरान पद यात्रा



में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यह फैक्ट्री उनकी शान है तथा इसकी स्थापना वर्ष 1978 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी द्वारा की गई थी तथा इस फैक्ट्री में बनने वाली दवाई देश व विदेश भेजी जाती थी तथा इस फैक्ट्री से रामनगर की भी पहचान थी। उन्होंने कहा कि सरकार आज गुजरात के एक उद्योगपति को इसे बेचने जा रही है। फैक्ट्री में काम करने वाले प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों लोग आज बेरोजगार होने के कगार पर हैं। लेकिन सरकार लगातार सरकारी संपत्तियों को अपने हितेषियों व पूंजी पतियों को बेचने पर तुली है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरकार को 18 से 20 करोड़ का फायदा पहुंचाने वाली कंपनी को आखिर बेचने की क्या जरूरत पड़ रही है। सरकार इसका जवाब दे। उन्होंने कहा कि पहले हम चूक गए इन्हीं भाजपाइयों ने रानीबाग स्थित एचएमटी फैक्ट्री तथा ऋषिकेश में स्थित आइडीबीपीएल फैक्ट्री बेच दी, जो कि हमारी पहचान थी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिलायें खुद को कभी न समझें कमजोर: पुष्पा भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में महिलायें कभी भी खुद को कमजोर न समझें और हमेशा एक दूसरे की मदद करने को आगे आयें। यह बात उच्च न्यायालय नैनीताल



की उप महाधिवक्ता अपराध सांसद अजय भट्ट की धर्मपत्नी पुष्पा अजय भट्ट ने आज सामाजिक संस्था द हारमनी क्लब द्वारा आयोजित (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ विस सीट पर 20 नवंबर को होगी वोटिंग

## भाजपा और कांग्रेस जल्द कर सकते है अपने उम्मीदवारों का ऐलान,बीजेपी में दावेदारों के बीच होड़

देहरादून। उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने आज पत्रकारवार्ता कर इसकी घोषणा की। 20 नवंबर को विधानसभा सीट पर वोटिंग होगी। जबकि 23 नवम्बर को मतगणना होगी। 29 अक्टूबर से नामांकन और चार नवम्बर तक नाम वापसी का मौका मिलेगा। लगभग 92 हजार मतदाता वाले केदारनाथ विस में दिवंगत विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद उप चुनाव होगा। वहीं अब केदारनाथ की रिक्त विधानसभा सीट पर उपचुनाव के ऐलान के बाद भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के प्रत्याशियों के नाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। उत्तराखंड में सम्पन्न हुए बद्रीनाथ और मंगलौर उपुचनाव के बाद सत्तारूढ़ भाजपा अपनी इस सीट को बचाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुट गई है। माना जा रहा है कि इस सीट पर कई नये उम्मीदवार भी दांव खेल सकते है। इतना ही नहीं उत्तराखंड के 2022 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से सीएम की रेस में शामिल निम के पूर्व कर्नल अजय कोठियाल का नाम भी चर्चाओं में छाया



हुआ है। भाजपा कर्नल अजय कोठियाल पर दांव खेलने का मन बना सकती है। हांलाकि कांग्रेस के उम्मीदावारों मे जहा पूर्व विधायक मनोज रावत को प्रबल दोवेदार माना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने भी उपचुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। वहीं कांग्रेस हाईकामान ने केदारनाथ उपुचुनाव के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अगुवाई में चार सदस्यीय पर्यवेक्षकों की टीम को केदारनाथ उपचुनाव में प्रत्याशियों की रायशुमारी के लिए भेजा है। केदारनाथ सीट पर पिछले विस चुनाव में मुकाबला त्रिकोणय हुआ था। जिसमें भाजपा विधायक शैलारानी रावत 21 हजार 886 मतों के साथ विजय हासिल हुई थी। इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी कुलदीप रावत को 13423 और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 12557 मत हासिल हुए थे। केदारनाथ विधानसभा सीट में कांग्रेस का प्रत्याशी तो लगभग तय माना जा रहा है लेकिन बीजेपी का टिकट पाने के लिए दावेदारों के बीच होड़ मची हुई है। केदारनाथ विधानसभा सीट में इस वक्त बीजेपी का टिकट पाने के लिए आशा नौटियाल, संजय शर्मा दरमोड़ा, शैला रानी रावत और कुलदीप रावत के बीच रस्सा कस्शी चल रही है। बहरहाल अब भाजपा और कांग्रेस जल्द अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर सकते है। केदारनाथ फतह करने के लिए प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंडल से लेकर बूथ स्तर पर एक-एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला व ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों को दूरस्थ गांवों में जनसंपर्क के लिए कहा है, जिनसे प्रतिदिन की रिपोर्ट मांगी जा रही है। इस उप चुनाव में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रखना चाहती। सरकार के कैबिनेट मंत्री, विधायक से लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता केदारनाथ विस के गांव-गांव जाकर एक-एक मतदाता से संपर्क कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी केदारनाथ उपचुनाव को लेकर पार्टी के रणनीतिकारों को सक्रिय कर दिया है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत को भी चुनावी समर में उतारकर ने भी केदारनाथ उपचुनाव के लिए कमर कसी हुई है। कांग्रेस की ओर से जहां आपदा से प्रभावितों की समस्याओं को मुद्दा बनाया जा रहा है। वहीं केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा से भी पार्टी के पक्ष में एक माहौल बनाने की कोशिश की गई है। पिछले दिनों दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर बनाने को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने हमलावर रूख अखितयार किया और सरकार को मंदिर बनाने पर रोक भी लगानी पड़ी।

## 29 अक्टूबर से नामांकन और चार नवम्बर तक नाम वापसी

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर इसकी घोषणा की। 20 नवंबर को विधानसभा सीट पर वोटिंग होगी। जबकि 23 नवम्बर को मतगणना होगी। 29 अक्टूबर से नामांकन और चार नवम्बर तक नाम वापसी का मौका मिलेगा। केदारनाथ विस में दिवंगत विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद उप चुनाव होगा। चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव की तारीख का एलान होने के बाद राजधानी देहरादून में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे की प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में आचार संहिता लागू होगी। 90540 मतदाता मतदान करेंगे। बताया कि चुनाव के लिए कुल 173 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 166 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां एक दिन पहले रवाना होंगी। जबकि सात मतदान केंदों पर पोलिंग पार्टियां दो दिन पहले रवाना की जाएंगी। चुनाव के लिए 27 सेक्टर और दो जोन बनाए गए हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक वैसे तो दिसंबर के महीने में केदारनाथ विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी होती है, लेकिन एहतियात के तौर पर पोलिंग टीमों के साथ बर्फबारी से बचाव के पूरे इंतजाम भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## अंडरवर्ल्ड डॉन पीपी पांडे जूना अखाड़े से बर्खास्त

हरिद्वार। अल्मोड़ा जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद अखाड़े से बर्खास्त कर दिया है। पिछले दिनों अल्मोड़ा जेल में कुछ संतों की ओर से पांडे को दीक्षा



देते हुए कई मठों की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी। मामला तूल पकड़ने पर जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक हरि गिरि महाराज ने जांच कमेटी गठित की थी। अंडरवर्ल्ड डॉन पीपी को जूना अखाड़े के कुछ संतों ने जेल में सन्यास की दीक्षा दी थी। जिसके बाद बड़ा हंगामा खड़ा हो गया था। आनन फानन जूना अखाड़े ने इस मामले में जांच कमेटी का गठन कर इसकी जांच करवाई। जूना अखाड़े में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गिरी की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया गया था। दशहरा तक जांच पूरी करने का समय दिया गया था। जूना अखाड़ा की जांच पूरी होने के बाद प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को बर्खास्त कर दिया गया है। कहा कि जेल में प्रकाश पांडेय को दीक्षा देने वाले संत फर्जी संत थे। सिर्फ दशनामी कुछ संत इसमें शामिल थे। उन्होंने बताया कि अंडरवर्ल्ड डॉन को अखाड़े से बाहर कर दिया गया है। संतों की भूमिका के सवाल पर हरिगिरि ने कहा कि मामले फिलहाल पीपी को बाहर किया है।

## सीएम ने आरटीओ कार्यालय हल्द्वानी का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस संभागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों में जाकर आने, तय समय पर ही कार्यालय से जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुसार आमजन की सहूलियत को देखते हुए सरलीकरण समाधान और निस्तारण पर जनता से जुड़े कार्य फाइलों को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं अधिक से अधिक फाइलों को डिजिटल मोड में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दफ्तरों में ई-फाइलिंग, एवं ई-रिकॉर्ड को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि में कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा हमें हर स्वरूप में जनता की सेवा





जानकारी लेने के साथ ही सम्पूर्ण कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कुमाऊं कमिश्नर को आरटीओ कार्यालय के संबंध में रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समय से कार्यालय प्राथमिकता से हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन कार्यालय से संबंधित कार्यों में आम जन को बेवजह ना लटकाया जाए। सभी अधिकारी फाइलों पर नो पेंडेंसी पर कार्य करें। उन्होंने कार्यालय में इधर-उधर पड़ी फाइलों पर नाराजगी जताते हुए भारत विकसित भारत, डिजिटल भारत की ओर आगे बढ़ रहा है। परिवहन विभाग भी डिजिटल प्रणाली के तहत कार्य कर कम से कम समय में जनता को सुविधाएं प्रदान करें। परिवहन कार्यालय सीधे रूप से जनता से जुड़ा हुआ है। ऐसे करनी है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों में जाकर पटल सहायक से उनके द्वारा पंजीकरण, प्रवर्तन आदि से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आयुक्त एवं जिलाधिकारी को समय समय पर कार्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## पुरस्कार वितरण के साथ संस्कृत छात्र प्रतियोगिता संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कालेज में आयोजित खण्ड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य दया शंकर पाण्डेय द्वारा सरस्वती देवी की वंदना करके ने किया। अंकित पाण्डेय सह संयोजक ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया। नेत्र पालसिंह ब्लॉक संयोजक ने नियमों एवं निर्णय के प्रति आवश्यक जानकारी दी। कनिष्ठ वर्ग के परिणाम में संस्कृत नाटकम् में सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज रुद्रपुर प्रथम, संस्कृत समूह विवाद: में प्रथम श्री गुरु नानक बालिका इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितीय श्री कृष्णा मर्चेंट इण्टर कॉलेज किच्छा, तृतीय श्री सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, संस्कृत आशु भाषणम् में प्रथम श्री गुरु नानक बालिका इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितीय सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज किया। इस अवसर पर गिरीशचंद्र शर्मा, भरत सिंह, राजपति बिन्द, प्रमोद बाबू शर्मा, दिनेश कुमार शुक्ल, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, इंद्रा ग्वासकोटि , वीणा पाठक, अंजू सक्सेना, मोती राम साहू, अर्चना गर्ब्याल , राकेश श्रीवास्तव, रक्षिता श्रीवास्तव , कमलेश मिश्रा, नीता पंत,





उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके ज्येष्ठ वर्ग कार्यक्रम प्रारम्भ किया।ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा 11,12 के छात्र /छात्राओं ने संस्कृत नाटक,संस्कृत समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य,संस्कृत वाद विवाद, संस्कृत आशु भाषण, एवं श्लोको उच्चार्नम कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र मिश्रा गानम् में प्रथम श्री गुरु नानक बालिका इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितिय श्री कृष्णा मर्चेंट इण्टर कॉलेज किच्छा , तृतीय सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, संस्कृत समूह नृत्यम् में प्रथम सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितिय् श्री कृष्णा मर्चेंट इण्टर कॉलेज किच्छा, तृतीय रा इ का कनकपुर, संस्कृत वाद रुद्रपुर, तृतीय रा इ का बागवाला, श्लोको उच्चार्नम में प्रथम सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितीय श्री गुरु नानक बालिका इण्टर कॉलेज रुद्रपुर, तृतीय श्री कृष्णा मर्चेंट इण्टर कॉलेज किच्छा ने स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दया शंकर पाण्डेय ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार एवं स्वागत प्रदीप जोशी, डॉ कल्पना यादव, भगवती पाण्डेय, हर्षिता भट्ट , निर्मला कन्वाल , नीता गुप्ता, राकेश कुमार, आरपी सिंह, यतेन्द्र सिंह यादव , कृष्ण राम आर्या, भरत कुमार मिश्रा, कैलाश राम काला कोटी, एसडी पाठक, सुमित पंत , कमला पाण्डेय, नीलम यादव, विनीता दुबे आदि उपस्थित थे।

## चोरी का खुलासा करने पर कोतवाल को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। तीन दिन पूर्व व्यवसायी कृष्णा हार्डवेयर मेंन मार्केट के यहाँ हुई चोरी का खुलासा होने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया। मुख्य मार्ग स्थित हार्डवेयर व्यापारी के यहां पूर्व में चोरों द्वारा चोरी कर हजारों



का सामान चुरा लिया था पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा करते हुए चोरों को गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा की गई टीवी कार्रवाई के लिए नगर के व्यापारियों में आयु में साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय अरोरा नितिन फुटेला पवन सहगल मुन्ना तथा प्रतिष्ठा के स्वामी मौजूद थे।

## पुलिस ने दो वारंटी गिरतार किये

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । पुलिस के अनुसार जीशान पुत्र सलीम निवासी ग्राम दरऊ,सुलेमान पुत्र बधू मियां निवासी सुनहरा वार्ड नंबर 2 पिछले काफी समय से न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहा था न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत आज गिरफ्तार किया गया तथा जेल भेज दिया गया।

# तहसील दिवस में अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं

बाजपुर(उद संवाददाता)। तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को श्री रामभवन धर्मशाला बाजपुर में आयोजित तहसील दिवस में अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारण करते हुये सीएम जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में नाली निर्माण, नाली सफाई, सड़क, बिजली, दिव्यांग/बोना प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, खनन आदि से सम्बन्धित 153 शिकायतें/मांग पत्र पंजीकृत हुई जिसमे से आधे से अधिक समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की जो समस्या है उसे उसी स्तर पर ही समाधान करें ताकि लोगों को अनाश्यक इधर-उधर कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं





को संबंधित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में राजीव नगर वार्ड नं0 13 निवासी पप्पू सिंह ने दुकान नं0 21 द्वारा राशन कार्ड पर खराब राशन देने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिये। ग्राम गोबरा के ग्राम वासियों ने नाली निर्माण की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिये। दभौरा निवासी महेश कुमार ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, बिजली का ट्रांसफार्मर हटवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारियों को जांच कर समाधान करने के निर्देश दिये। वार्ड नं0 3 निवासी अमित शर्मा, वार्ड नं0 8 निवासी विनोद कुमार, मोहम्मद आसिफ ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को तत्काल परीक्षण कर प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये। ग्राम कनौरा निवासी सुरज पाल ने चकबंदी कराने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वार्ड नं0 4 निवासी चन्द्रावती ने गृहकर स्थानान्त्रण कराने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को जांच कर समाधान करने के निर्देश दिये। गुरूद्वारा कमेटी ग्राम इटव्वा व गुरदीप सिंह ने विद्युत पोल हटाने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को मौके का निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिये। सुल्तानपुर पट्टी वासियां ने अवगत कराया कि खनन कारोबारियों द्वारा अवैध व चोरी से उनके खेतो से खनन किया जाता है और राजस्व व खनन विभाग द्वारा जुर्माना खेत स्वामियों पर आरोपित किया जाता है जुर्माना माफ करने व अवैध खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया व सम्बन्धित विभागों को तहसील दिवस में आये जनता को योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र लोगों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, विद्युत, जल संस्थान, नगर पालिका, सहकारिता, कृषि, बाल विकास, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास आदि विभागों द्वारा स्टांल लगाकर लोगों को जानकारियां दी गयी व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच कर दवाईयां वितरित की गई। तहसील दिवस में अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य बीज प्रमाणीकरण व पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, गौरव शर्मा, उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियंता विद्युत विवेक काण्डपाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पेराई सत्र के लिए समय पर पूरी करें तैयारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी व प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड शुगर्स उदय राज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में समस्त सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी




मिलों के पेराई सत्र 2024-25 प्रारम्भ किये जाने की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रबंध निदेशक ने चीनी मिल किच्छा,नादेही में चल रहे ब्वायलर अपग्रेडेशन के कार्यों एवं चीनी मिल किच्छा में चल रहे एसीवीएफडी कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड शुगर्स ने चीनी मिल नादेही एवं बाजपुर में चल रहे तकनीकी कार्यों की प्रगति धीमी होने एवं गन्ने के क्षेत्रफल में गतवर्ष के सापेक्ष कमी आने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये चीनी मिल नादेही एवं बाजपुर में ससमय मरम्मत व रखरखाव का कार्य पूर्ण करते हुये अक्टूबर के अंत तक अनिवार्य रूप से समस्त उपकरणों का ट्रायल पूर्ण करते हुये मिल के शुभारम्भ हेतु तैयार कर लिया जाय तथा चीनी मिल के गन्ना अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने चीनी मिल बाजपुर में बिजली के मद में अधिक धनराशि व्यय किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि मिल समिति के आवासों में स्थायी / सीजनल के अतिरिक्त अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे व्यक्तियों की सूची तैयार कर तत्काल मुख्यालय को सूचित करें और अनाधिकृत आवासों को खाली कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाय। उन्होंने समस्त चीनी मिलें ससमय मरम्मत व रखरखाव का कार्य पूर्ण करते हुये माह नवम्बर, 2024 के प्रथम सप्ताह तक सभी उपकरणों का ट्रायल कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में महाप्रबंधक उत्तराखण्ड सुगर्स विजय पाण्डे, प्रबंध निदेशक चीनी मिल किच्छा टीएस मर्तोलिया, बाजपुर हरवीर सिंह, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## हल्द्वानी में लगे मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गत दिवस नगर आगमन पर जहां भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया तो वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए वापस जाओ के नारे लगाए। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सायंकाल उन्हें छोड़ दिया। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के हल्द्वानी दौरे का जोरदार विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने पर पुलिस से जमकर धक्का मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं में रोक लगाने, खाद्य पदार्थों व सब्जियों आसमान छूती कीमतों में रोक लगाने, बिजली के स्मार्ट मीटर लगवाने रोक लगाने, राजपुरा में सीवर लाईन का शीघ्र निर्माण करने, युवाओं को रोजगार देने, गरीबों के सफेद लाल राशन कार्ड बनवाने, आईएसबीटी का निर्माण करने जैसे तमाम मुद्दे उठाये। हेमन्त साहू व राजेन्द्र बिष्ट ने कहा मुख्यमंत्री बेवजह के हवाई दौरे कर रहे



हैं। जिससे शहर वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री का जनहित मे बदहाल स्वास्थ सेवाओं, बेरोजगारी, आपराधिक घटनाओं से निपटने के लिये ध्यान नही है। दीपा खत्री ने कहा सरकारी संस्थान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं।सरकार मूर्क दर्शक बनी है। प्रीती आर्या ने मांग उठाई नगर निगम द्वारा चुनाव से पहले ही राजपुरा में सीवर लाईन निर्माण का काम शुरू किया जाये।विरोध करने वालों में मुख्य रूप हेमन्त साहू, हिमान्शु गाँधी, राजकुमार सिंह यादव, सहिल राज, नील खत्री समेत अन्य लोग थे।

## सीएम को दिया शरदोत्सव मेला का निमंत्रण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 24वां शरदोत्सव मेला हल्द्वानी 2024 की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।मानव विकास सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता निर्देशक विक्की योगी के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उन्हें आगामी 3 नवंबर को मेले का उद्घाटन हेतु आमंत्रण दिया गया। श्री धामी ने आमंत्रण स्वीकारते हुए समिति के पदाधिकारी को शरदोत्सव मेला हल्द्वानी की सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, महेश ने भी



संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से आने हेतु अनुरोध किया। श्री योगी ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 4000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बॉलीवुड के सर परिचित चेहरे की कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद तोलिया, समिति के कौस्तुभ चंदोला, जगदीश उपाध्याय रंगकर्मी आदि मौजूद थे।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। तहसील दिवस के अवसर पर राजस्व विभाग द्वारा तहसील में मंगल दिवस के तहत जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। लगभग दो-दर्जन समस्याओं लेकर फरियादी पहुंचे जिनका निस्तारण उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र एवं तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी ने किया। उत्तराखंड सरकार द्वारा समस्याओं के तुरंत निदान हेतु तहसील दिवस आयोजित किए जाते रहे रहे हैं इसी के तहत मंगलवार को उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया जिसमें तमाम विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों ने भाग लिया तथा लोगों की समस्याओं को सुना जिन समस्याओं




का मौके पर निस्तारण हो सकता था किया गया शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित कर दिया गया। पत्रकार विशाल शर्मा द्वारा अपने वार्ड के विभिन्न समस्याओं को उप जिलाधिकारी के सम्मुख रखा गया जिसका निस्तारण करने हेतु उप जिलाधिकारी द्वारा पत्रकार विशाल शर्मा को आश्वासन दिया गया।






## पत्रकार के खिलाफ दी मारपीट की तहरीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पत्रकार के खिलाफ दी तहरीर न्यूज पोर्टल के पत्रकार के खिलाफ एक अन्य पत्रकार ने अभद्रता एवं मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी है। शास्त्री नगर निकट जेसीज पब्लिक स्कूल नि वासी पत्रकार जे अहमद पुत्र मोहम्मद दीन ने एसएसपी को दी तहरीर में कहा है कि बहेड़ी से भागकर आये एक पोर्टल के तथाकथित पत्रकार ने ने बीते दिनों गांधी पार्क में एक कार्यकम की कवरेज के दौरान उसके साथ अभद्र व्यवहार किया तथा हाथा पाई करते हुए जान से मारने की धमकी और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। जे अहमद का कहना है कि उक्त तथा कथित पत्रकार से उन्हें जान का खतरा है। तहरीर में पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है।







# 2029 तक पूर्ण कर ली जायेगी जमरानी बांध परियोजना : धामी

**❑दो दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे सीएम ने किया जिले में 17218.57 करोड़ की लागत की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**

**❑जमरानी बांध परियोजना के 494 प्रभावितों को 1 अरब 95 करोड़ 51 लाख 67 हजार की धनराशि उनके खाते में ऑनलाईन डाली**

नैनीताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए जिले के विकास हेतु रु.- 17218.57 करोड़ की लागत की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जमरानी बांध परियोजना के 1267 प्रभावितों को रुपये 4 अरब 79 करोड़ 84 लाख 18 हजार की धनराशि वितरित की जानी है। मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 494 प्रभावितों को रुपये 1 अरब 95 करोड़ 51 लाख 67 हजार की धनराशि उनके खाते में ऑनलाइन डाली गई। शेष नगर के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिलेगा। उन्होनें कहा हल्द्वानी शहर के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 2000 करोड़ की लागत से विकास कार्य हो रहे हैं शीघ्र ही हल्द्वानी महानगर एक आधुनिक एवं भव्य नगर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड एवं उत्तप्रदेश के बटवारे लम्बित थे उन सभी परियोजनाओं का समाधान सरकार द्वारा कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा जमरानी बांध परियोजना वर्ष 2029 तक पूर्ण कर ली जायेगी। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बालविकास, महिला विकास, कनेक्टिविटी जैसे साबित होगा'। उन्होंने कहा जनपद उधमसिंह नगर में खुरपियाफार्म को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा' जिससे स्थानीय व प्रदेश के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होने कहा प्रदेश सरकार ने पंतनगर एयरपोर्ट को 8 एकड़ भूमि स्वीकृत कर दी है जल्द ही इस एयरपोर्ट से राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर की उड़ानें होगी, जिससे यहां के लोगों को दिल्ली व अन्य स्थानो पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड देश का अग्रणी राज्य में शुमार होगा। कार्यक्रम में सांसद अजय भटट, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सतपाल महाराज, विधायक नगर जनपद नैनीताल में 01 भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला 01 रसायन विज्ञान प्रयोगशाला 01 जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, तथा रुपए 41.69 लाख की लागत से रा.उ. मा. वि. हिम्मतपुर सोमवार में विज्ञान प्रयोगशाला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष और रु. 359.86 की लागत से विकासखंड भीमताल के ग्राम आना अमिया की लगभग 200 आबादी को गोला नदी की बाढ़ से सुरक्षा कार्य व रु. 477.39 लाख की लागत से स्पोर्ट स्टेडियम हल्द्वानी में फुटबॉल मैदान का निर्माण, रु. 5805.81 की लागत से केंद्रीय सडक अवसंरचना निधि योजना 124.82 लाख से लाख से विकासखंड कोटा बाग के ग्राम बेल पोखरा में रघुवीर सिंह के खेत में 01 व रु. 234.18 लाख से ग्राम रतनपुर-बेलपडाव नलकूप निर्माण, बजूनियाहल्दू-कोटाबाग में 124. 16 लाख की लागत से नलकूप निर्माण, पूरनपुर पानसिंह में 121.90 लाख से नलकूप निर्माण की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विकास हेतु विभिन्न घोषणाएं की जिसमें दमुवादूंगा क्षेत्र का स्वामित्व योजना अंतर्गत सर्वे का कार्य किया जाएगा, हल्द्वानी काठगोदाम पुरानी नगर निगम डिपो क्षेत्र में 24 घंटे जलापूर्ति वितरण प्रणाली हेतु कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाएगी, हल्द्वानी सड़क चौड़ीकरण के प्रभावितों हेतु स्वामित्व शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया जाएगा, राम नगर में भरतपुरी, पंपापुरी कौशल्यापुरी, दुर्गापुरी का स्वामित्व योगदान अंतर्गत सर्वे का कार्य कराया जाएगा, रामनगर के प्रभावित क्षेत्र चुगम गांव का विस्थापन किया जाएगा,हल्द्वानी नगर निगम के सड़कों के कार्य हेतु विशेष परियोजना बनाई जाएगी, हल्द्वानी विधानसभा में शहर में जल भराव की समस्या के सुधार हेतु रकसिया नाला एवं कलसिया नाले के कटाव से रोकथाम हेतु सुरक्षा कार्यों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की जाएगी, हल्द्वानी में निराश्रित गोवंश गौशाला निर्माण हेतु एक करोड़ की धनराशि दिए जाने के साथ ही बची हुई धनराशि का प्रावधान किया जाएगा,कालाढूंगी विधानसभा के हल्द्वानी ब्लॉक में ग्राम सभा आनंदपुर गोसाई धनपुरी प्रेमपुरी लोसज्ञानी छड़ेल हिम्मतपुर बैजनाथ पांडे नवाड हल्दू पोखरा नायक एवं करायल चतुरसिंह के मध्य बहने वाले नाली से हो रहे नुकसान हेतु निकासी बन क्षेत्र में किए जाने हेतु कार्य कराया जाएगा, बेल पड़ाव के करकट नालो में रतनपुर मोटर मार्ग को जोड़ने वाले पुल का निर्माण किया जाएगा, भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनियाड से सीमालिया मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति की जाएगी,भीमताल विधानसभा क्षेत्र में लेटी बूंगा सनी में मिनी स्टेडियम बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस







लाभार्थियों को भी शीघ्र ही धनराशि उनके खाते में सत्यापन के उपरान्त डाल दी जाएगी जिसकी कार्यवाही चल रही है।'राज्य सरकार द्वारा परियोजना से विस्थापित परिवारों को उनके पुनर्वास के लिए जनपद उधम सिंह नगर के प्रयाग फार्म स्थित ग्राम गडरियाबाग में 300.5 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को निशुल्क आवंटित की गई है। यह भूमि इंडस्ट्रियल एरिया में दी गई है, जिसका सर्वांगीण विकास किया जाएगा। उन्हांने कहा जमरानी बांध परियोजना से प्राप्त 117 एमएलडी पानी से हल्द्वानी शहर की वर्ष 2051 की आबादी को देखते हुये इस पेयजल योजना से आपूर्ति की जायेगी। उन्होने कहा जमरानी परियोजना बनने से भूजल का स्तर बढेगा तथा रोजगार भी सृजित होगा। इस योजना से जहां पेयजल की आपूर्ति होगी वही नैनीताल-उधमसिह महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उत्तराखंड में निवेशकों को एक विशेष माहौल दिया जा रहा है। मानस खण्ड योजना के अन्तर्गत कुमाऊं एवं गढ़वाल के मन्दिरों को इससे जोड़ा जा रहा है साथ ही आज उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को देश व विदेशों में बढावा दिया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों की आर्थिकी मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु कार्य किये जा रहे हैं, लखपति योजना के अन्तर्गत महिलाओं को 1 लाख की धनराशि दी जा रही है साथ ही सरकारी भर्ती प्रक्रिया में 30 प्रतिशत मातृशक्ति की भागेदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंन कहा प्रदेश सरकार शीघ्र ही समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जा रहा है,जो महिला शशक्तिकरण में मील का पत्थर बंशीधर भगत एवं रामसिंह कैडा ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व जनपद आगमन पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया जिसमें रु.100.00 लाख की लागत से नगर वन हल्द्वानी में ग्रीन हल्द्वानी की परिकल्पना के अनुसार शहर इकोलॉजी पार्क निर्माण, रु. 57.02 की लागत से छात्र-छात्राओं की बेहतर शिक्षा हेतु रा.उ.मा.वि. मेहरा गांव में विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष एवं आर्ट क्राफ्ट कक्ष व रु. 44.07 की लागत से रा.क.उ. मा. विद्यालय गांधीनगर में विज्ञान प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष, एवं रुपए 61.50 लाख की लागत से रा.इं.कॉ. मोती के अंतर्गत गदरपुर दिनेशपुर मधकोटा हल्द्वानी मोटरमार्ग को मधु कोटा से हल्द्वानी तक दो लाइन शोल्डर सहित चौड़ीकरण में सुदृढीकरण का कार्य और रु. 851.52 लाख की लागत से राज्य योजना के अंतर्गत वर्कशॉप लाइन से एसबीआई होते हुए मुखानी चौराहे तक नहर कंपनी तथा मार्ग का सुधारीकरण आदि कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने रुपए 182.83 लाख की लागत से हल्द्वानी के गौलापार क्षेत्र के अंतर्गत राजमार्ग संख्या 41 की सुरक्षा हेतु सुखी नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य, रु. 4456. 92 लाख से नैनीताल के अंतर्गत 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय, गेठिया का निर्माण कार्य, रु. 3941.13 लाख से केंद्र पोषित योजना के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में स्टेट कैंसर संस्थान का निर्माण कार्य व रु. अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य, रामसिंह कैडा, बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डा0 मोहन सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, दर्जा मंत्री डा0 अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, सुरेश भटट जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डा0 जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला,रंजन बर्गली, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब, डा जेड ए वारसी, राजेन्द्र बिष्ट, दीपक मेहरा के साथ ही आयुक्त/ सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, डीआईजी डा0 योगेन्द्र रावत जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 अरूण जोशी,डा0 केसी पाण्डे के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य जमरानी बांध विस्थापित, मातृशक्ति आदि उपस्थित थे।

# 'कुमाऊं द्वार महोत्सव' का सीएम धामी ने किया शुभारंभ

**सीएम धामी ने कहा : हल्द्वानी में सड़कें चौड़ी हो रही हैं, चौराहे चौड़े हो रहे हैं यहां आईएसबीटी और चिड़ियाघर भी जल्दी ही बनने जा रहा है**

नैनीताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय कुमाऊँ द्वार महोत्सव का मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की गौरवशाली लोक संस्कृति से आज की युवा पीढ़ी को जोड़ने वाले इस कुमाऊं द्वार महोत्सव के आयोजन पीढ़ी को हमारी संस्कृति, लोक कला से रूबरू करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोकगायन और लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से भरे इस कुमाऊं द्वार महोत्सव में अनेक लोक कलाकारों को एक सम्मान मिल रहा है,जो एक बेहतर पहल है। उन्होंने आयोजन समिति व वैदेही कल्चरल एजुकेशन एंड सांस्कृतिक रूप से हमारा प्रदेश अत्यंत ही समृद्ध प्रदेश है,चाहे हम लोकनृत्य की बात करें, चाहे लोक- संगीत की बात करें या अपनी लोक- परंपराओं की बात करें, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक रूप से हर क्षेत्र में हमारा प्रदेश विशिष्ट है। आज के युवा भी हमारे लोक संगीत को पसंद करते हैं और उसे आगे बढ़ाने का भी कार्य कर रहे साहित्य सेवा के लिए उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मानष्भी प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 17 साहित्यकारों को अनुदान भी प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कुमाऊँ द्वार महोत्सव में भी जो पहाड़ी व्यंजनों एवं फरवरी में यहां नेशनल गेम्स की स्पर्धाएं भी यहां आयोजित होंगी। आज हल्द्वानी का चहुंमुखी विकास व विस्तार हो रहा है और अगले एक-दो वर्षों में हल्द्वानी विकास के नए पैमानों को छूता हुआ दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि कोई भी राज्य या क्षेत्र चाहे जितना विकसित हो जाए लेकिन अगर वो अपनी संस्कृति, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, राम सिह कैड़ा, सुरेश गड़िया,डा0 मोहन सिंह बिष्ट,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डा0 जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, निवर्तमान महापौर डा0 अनिल कपूर डब्बू अध्यक्ष मण्डी परिषद सुरेश







समिति से जुड़े सभी युवाओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि यह महोत्सव लोक कलाकारों को सम्मान देने के साथ ही हमारी लोक संस्कृति, लोक विरासत को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी को पहाड़ों का प्रवेश द्वार और समग्र पर्वतीय समाज का दूसरा घर माना जाता है। हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक कलाओं के समृद्ध केंद्र कुमाऊं की इस धरती में यह आयोजन हमारे नई आर्ट फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि वह उत्तराखंड के लोक-गायन और लोकनृत्य से विशेषकर आज-कल की युवा पीढ़ी को जोड़ने का जो काम कर रहे हैं,उससे उत्तराखंड के लोक कलाकारों को एक मंच प्रदान होने के साथ ही वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित करने का भी सराहनीय कार्य कर रहा है। साथ ही उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का भी कार्य कर रहा है। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हैं। आज युवा अपना म्यूजिकल बैंड बनाकर उत्तराखंड के लोक-गीतों को नए कलेवर के साथ एक नई पहचान देने का भी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की लोक भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी निरंतर गंभीर प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा लोक भाषाओं व लोक साहित्य में कुमाऊंनी, गढ़वाली, जौनसारी सहित राज्य की अन्य बोलियों व उपबोलियों में दीर्घकालीन उत्कृष्ट उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं, उनमें से कई स्टॉलों पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को भी स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज हल्द्वानी एक महानगर के रूप में तेजी से उभर रहा है। यहां पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और नए-नए विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। सड़कें चौड़ी हो रही हैं, चौराहे चौड़े हो रहे हैं, नए-नए पार्क बन रहे हैं। यहां आईएसबीटी और चिड़ियाघर भी जल्दी ही बनने जा रहा है। आगामी जनवरी- अपनी लोककलाओं और संस्कारों को जीवित नहीं रख पाता तो वो क्षेत्र अधूरा ही रहता है। आज उत्तराखंड के लोगों में अपनी संस्कृति, अपनी लोकपरंपराओं और अपनी डेमोग्राफी को संरक्षित रखने प्रति एक जिम्मेदारी की भावना जागृत हो चुकी है। यह पांच दिवसीय कुमाऊं द्वार महोत्सव भी हमारी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा भट्ट,उपाध्यक्ष दीपक मेहरा दिनेश आर्या,अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, आयुक्त कुमाऊं/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, डीआईजी डॉ योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी वंदना,एसएसपी पीएस मीणा, कार्यक्रम संयोजक गोविन्द दिगारी, खुशी जोशी,संरक्षक नवीन टोलिया, लोक गायिका मैथिली ठाकुर विभिन्न जनप्रतिनिधि,लोक कलाकार, गणमान्य नागरिक,क्षेत्रीय जनता आदि मौजूद रहे।

# विधायक अरोरा ने खराब सड़कों का किया निरीक्षण

## त्यौहारों से पहले उच्च गुणवत्ता के साथ सड़कों को गड्ढामुक्त करने के दिये निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा नगर निगम टीम व व्यापार मंडल पदाधिकारियों के के साथ पैदल भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने शहर की खस्ताहाल सड़कों का निरीक्षण किया। पिछले दिनों लगातार बरसात के चलते कई सड़कों की हालत खस्ता हों गयी थी।विधायक शिव अरोरा, नगर निगम टीम, पीडब्लूडी, व्यापार मंडल के साथ मुख्य बाजार सहित डीडी चौक, बालाजी मंदिर गेट, पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर धर्मशाला जैसे अनेकों रोडों का पैदल भ्रमण कर सड़को की स्थिति का जायजा लिया। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट निर्देश है कि निगम पीडब्लूडी के अन्तर्गत आने वाले सभी रोड गड्ढा मुक्त हों। बरसात अब पूरी तरह रुक गयी है और दीपावली त्यौहार आने मे महज कुछ दिन ही है ऐसे मे भारी मात्रा मे लोग बाजार की ओर आते हैं ऐसे में सड़कों मे गड्ढे होने से एक्सीडेंट जैसी घटना रोज सामने आती है कई बार ई रिक्शा पलट जाती है। काशीपुर बाईपास रोड का उपयोग स्कूली बच्चों से लेकर व्यापारी व आमजन करते है इन रोडो की हालत जल्द से जल्द दुरुस्त हों,तो वही त्यौहार को देखते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र मे गड्ढे भरने का कार्य त्यौहार शुरू होने से पहले पूरा कर लिया जायेगा ऐसा उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने आश्वस्त किया। जिससे बाजार की ओर आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा हों और जिसका लाभ व्यापरियो को मिले। विधायक शिव अरोरा कहाँ नगर निगम क्षेत्र मे आने वाली डाबर रोड जिसमे गड्ढे भरने जैसी स्थिति हों ऐसा आमजन को अश्वस्त करवाया उनको सुधार करने का कार्य हम करवायेगे यह भरोसा दिया, अगले 10-15 दिन यह गड्ढा मुक्त अभियान चलने वाला है सभी सड़को कि स्थिति को सुधारे का कार्य नगर निगम द्वारा किया जायेगा। विधायक बोले जहाँ गड्ढे भरने जैसी स्थिति है वहाँ गड्ढे भरे जायेगे ओर जहाँ गड्ढो मे सडके है उनके प्रस्ताव या तो दिये जा चुके है या जाने वाले है उनके पूरी रोड बनाने का कार्य किया जायेगा। वही विधायक शिव अरोरा ने अधिकारियो को सख्त हिदायत दी की कार्य करते समय गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान रखे, ऐसा बिल्कुल न हों की गड्ढा भरना एक रस्म आदायगी सी नजर आये, सड़को गड्ढा भरने का कार्य मे सही प्रकार से हों यह अधिकारी सुनिश्चित करे जिसमे कोई शिकायत नजर ना आये। इस दौरान उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, नगर निगम एक्शन सौरभ यादव, पीडब्लूडी जेई बसेड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, हिमांशु मिड्ढा, किरन विर्क, अनमोल विर्क, मोहित चड्ढा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, बिट्टूचौहान, निमित्त शर्मा, आदेश भरद्वाज, डंम्पी चोपडा, महेंद्र आर्य,वासु गुम्बर संतोष पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







# जयनगर में ठुकराल ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

रूद्रपुर। श्री शिव शक्ति सामाजिक एवं धार्मिक सेवा समिति की ओर से जयनगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित रामलीला मंचन का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उदघाटन के मौके पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि रामलीला बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। ठुकराल ने कहा कि भगवान श्री राम की लीला को अवश्य देखना चाहिए और उसमें से अच्छाइयों को ग्रहण अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और हमें उनकी अच्छाइयों को अपने जीवन में उतारकर बुराइयों को दूर करना चाहिए।कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन अनुकरणीय रहा है। उनके जीवन से त्याग तपस्या प्रेम की सीख मिलती है। भगवान राम कुशल प्रशासक थे हमेशा उनके बताये मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिये। विशेषकर युवा पीढ़ी को रामलीला मंचन देखने के लिए अवश्यक आना चाहिए। रामलीला जहां हमें धर्म से जोड़ने का काम करती है वहीं समाज को सही राह भी दिखाती है। उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन तभी सार्थक होगा जब यहां से कुछ सीखकर जायें और उसे अपने जीवन में उतारें। रामलीला में पहले दिन नारद मोह और रावण की तपस्या के दृश्यों का मंचन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, ठाकुर ललित सिंह बिष्ट, आनंद शर्मा, त्यागी, ग्राम प्रधान दीपक पाल,श्री अवध राम लीला कला मंचन के संरक्षक तुलसीराम सिंह, अध्यक्ष शक्ति सिंह, बसंत कुमार सिंह, श्याम सिंह, संदीप कुमार सिंह, रणधीर सिंह, राजेश कुमार ओझा, वेद प्रकाश पाल, संजय सिंह, शिव नायक सिंह, तुलसीराम सिंह, चंद्रभान सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप सिंह, कन्हैया सिंह, चंद्रदेव सिंह, बब्बन सिंह, ओम नारायण मौर्य, राजेश सिंह, राजा सिंह, सूरज सिंह, संदीप सिंह, प्रेमपाल, विक्रम सिंह,धर्मेंद्र सिंह, सचिन सिंह, नारायण, रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, आदित्य सिंह, अंकित सिंह, नितिन सिंह, राकेश सिंह, समर बहादुर सिंह, सत्येंद्र कुमार, नन्हे भगत, मनजीत सिंह, राहुल सिंह, सागर सिंह, राजभूषण सिंह, डॉ संजीव राय, जय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अमर सिंह, मंगल सिंह, प्रवीण सिंह, रामकरन, बृज नारायण सिंह, भानु प्रताप सिंह, संजय सिंह, विशाल सिंह, कुंवर सिंह, नीरज सिंह, सुरजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, ध्रुव सिंह, संजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, राकेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# नकली नोट के साथ गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बाजार में नकली नोट खपाने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 500 के नकली नोट क्लीन39,500 रुपये बरामद हुए। अब तक गिरोह के शामिल 8 सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक लालकुआं के नेतृत्व में टीम ने लालकुआं में सुभाष नगर बिन्दुखत्ता को जाने वाले मार्ग के पास से एक और सदस्य सलमान खाँ पुत्र अख्तर खान, निवासी नगरिया कला इज्जतनगर, बरेली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 500 रुपए के 79 नकली नोट कुल-39500 रुपए बरामद किये। पुलिस द्वाराअभियुक्तगणो को रिमाण्ड हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



# डीएम ने चीनी मिल का किया निरीक्षण

बाजपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदयराज सिंह ने अधिकारियों के साथ चीनी मिल बाजपुर की गन्ना पेराई सत्र 2024-25 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया । उन्होंने कहा गन्ना पेराई जल्द शुरू होने वाला है इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ले, ताकि समय से गन्ना पेराई प्रारम्भ हो सकें।महाप्रबंधक चीनी मिल हरवीर सिंह ने बताया कि चीनी मिल का बॉयलर आदि मशीनों का मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है जो 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि गन्ना पेराई समय से प्रारम्भ की जा सकें। जिलाधिकारी ने चीनी मिल में मेंटेनेंस आदि के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करें व माह नवम्बर के प्रथम सप्ताह में गन्ना पेराई शुरू करने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, गौरव शर्मा, महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर्स विजय पाण्डे, उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, महाप्रबंधक चीनी मिल हरवीर सिंह आदि थे।



# श्री राम की राजगद्दी शोभा यात्रा में उमड़े लोग

हल्द्वानी। श्री रामलीला संचालन समिति के तत्वाधान में गत दिवस भगवान श्री राम जी की भव्य राजगद्दी शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। जिसमें गिरधर गोपाल झांकी, शिव नंदी, मौन स्टेच्यू, घोड़े ताशे, नृत्य आरती, शिव शेष नाग, इस्कॉन, सालासर बाला जी , 28 मुखी काली ग्रुप, शिव मंदिर, श्याम बाबा की झांकी, कथक कली, पंजाबी ढोल, महाकाल बैंड ,भगवान श्री राम जी की राजगद्दी की बग्गी आदि की सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा का संयोजन अरुण अग्रवाल, तनुज गुप्ता एवं अमित जोशी के निर्देशन में हुआ। शोभायात्रा में मुख्य रूप से संचालन समिति के विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, विनीत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल आदि रहे। नगर में जगह जगह भगवान के स्वरूप की लोगों ने आरती उतारी एवं पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री भी साथ में रहे।



# उमेश हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिनों मुखानी क्षेत्र में रामलीला मैदान में हुए अधिवक्ता उमेश हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर की रात्रि कमलुआ गांजा रामलीला मैदान में अधिवक्ता उमेश नैनवाल की रामलीला देखने के दौरान जमीनी विवाद के चलते दिनेश नैनवाल द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और अपने साथी दीपक बुधानी के साथ भाग गया था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में दिनेश चंद्र नैनवाल को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।मामले में फरार दीपक बुधानी पुत्र स्व. महेश चंद्र बुधानी निवासी पूरनपुर नैनवाल मुखानी हाल निवासी इंद्रा पुरम गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया।



# आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने बनाई आंदोलन की रणनीति

रुद्रपुर।ट्रेड यूनियन एक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की बैठक पुराना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक्टू कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एक्टू के प्रदेश महामंत्री के के बोरा ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगों में तो मजदूरों का शोषण करने वाली नीतियां बना ही रही है, साथ ही सरकारी विभाग में काम करने वाले महिला कामगारों का खुद ही शोषण कर रही है। उत्तराखंड में स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाली हजारों आशाएं बिना न्यूनतम वेतन के लगातार काम कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग का फील्ड का सारा काम आशा वर्कर ही करती हैं। परंतु उन्हें ना तो राज्य कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है और ना ही उन्हें न्यूनतम वेतन हासिल है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर यूनियन लंबे समय से आशाओं को न्यूनतम वेतन देने और उनका राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रहा है। लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार उन्हें बंधुआ मजदूर बनाने की दिशा में काम कर रही है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर रोज नए काम आशाओं पर लाद देती है।लेकिन उनकी मेहनत का पूरा दाम देने के नाम के सवाल पर चुप्पी साध लेती है। आशा वर्कर्स से हर घर में जाकर डेंगू के लार्वा को खत्म करने, घर-घर जाकर टीवी के मरीजों का बलगम चेक करने जैसे काम तक दिए जा रहा हैं। इसके लिए ना तो उन्हें बेहतर सुरक्षा उपकरण दिए जा रहे हैं और ना ही इसका मेहनताना उन्हें दिया जा रहा है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन सरकार की इन शोषणकारी नीतियों के खिलाफ जल्द ही आंदोलन की शुरुआत करेगी। यूनियन की जिला अध्यक्ष ममता पानू ने कहा कि जल्द ही आशा यूनियन का जिला सम्मेलन किया जाएगा और संगठन को मजबूत बनाकर सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप, अनु , कल्पना मिस्त्री , काजल, सुधा गोस्वामी, रेखा देवी ,तारा बिष्ट और राज्य कमेटी सदस्य ललित मटियाली मौजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और कनाडा की तल्खी

भारत और कनाडा के रिश्तों में तल्खी अब और बढ़ गई है। भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और सभी राजनयिकों को वापस बुला लिया है और कनाडाई उच्चायुक्त और राजनयिकों को वापस जाने को कह दिया है। दरअसल, हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले की जांच के संदर्भ में कनाडा ने कह दिया कि भारतीय उच्चायोग के राजनयिकों पर भी निगरानी रखी जाएगी। यानी राजनयिकों का प्रतिरोधक अधिकार समाप्त हो जाएगा। कनाडा ने यह फैसला इसलिए किया कि उसके अनुसार निज्जर की हत्या में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी भी शामिल थे। कनाडा के इस फैसले की प्रतिक्रिया में भारत ने यह कहते हुए अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया कि वहां उनकी सुरक्षा खतरे में है। भारत ने कनाडा के इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताया है। इस तरह राजनयिकों का किसी देश से वापस बुलाया जाना या किसी देश के राजनयिकों का बाहर निकाला जाना बहुत गंभीर बात मानी जाती है। दरअसल, दोनों देशों के रिश्तों में यह कड़वाहट तब बढ़ गई थी, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस वार्ता करके बताया कि निज्जर की हत्या में भारत की खुफिया एजेंसियों का हाथ था। हालांकि विचित्र है कि भारत इस संबंध में लगातार उससे प्रमाण मांग रहा है, पर वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सका है। छिपी बात नहीं है कि कनाडा में रह रहे सिख अलगाववादी संगठनों के लोग वहां लगातार भारत-विरोधी गतिविधियां चलाते रहे हैं। वहां अलग खालिस्तान की मांग को हवा देने का प्रयास होता रहा है। भारत कई वर्ष से कनाडा सरकार से इन गतिविधियों पर रोक लगाने की अपील करता रहा है, मगर वह उसे अनसुना करता रहा है। वहां सक्रिय अलगाववादी ताकतें भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर कई बार प्रदर्शन कर चुकी हैं। भारतीय उच्चायोग के बाहर लगे भारतीय झंडे का अपमान कर चुकी हैं। चौरासी के सिख विरोध दंगों की बरसी पर आपत्तिजनक झांकियां निकाल चुकी हैं। मगर भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा सरकार ने उनके खिलाफ कोई कड़ा कदम नहीं उठाया। निज्जर के बारे में छिपी बात नहीं है कि वह भारत की तरफ से घोषित आतंकी था। इंटरपोल ने भी उसे वांछित घोषित कर रखा था। कनाडा के एक गुरुद्वारे के बाहर रहस्यमय ढंग से उसकी हत्या हो गई थी। विचित्र है कि उसका आरोप कनाडा सरकार भारतीय खुफिया एजेंसियों और उच्चायोग के अधिकारियों पर लगा रही है। अब कनाडा पुलिस ने कहा है कि इसमें लारेंस बिश्नोई गुट का हाथ भी हो सकता है। निज्जर हत्या मामले में कनाडा के निराधार आरोप से दुनिया भर में भारत की छवि खराब हो रही है। कनाडा सचमुच अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है, तो कायदे से उसे निज्जर मामले की तथ्यात्मक जांच करानी चाहिए थी, फिर कोई बयान देता। मगर हकीकत यही है कि जस्टिन ट्रूडो अपनी घटती लोकप्रियता, बढ़ती महंगाई और लोगों में अपनी सरकार के प्रति नाराजगी से ध्यान भटकाने और सिख समुदाय का समर्थन हासिल करने के इरादे से निज्जर मामले को तूल दे रहे हैं। अगले वर्ष वहां चुनाव होने हैं। इस मामले को बेवजह उछाल कर ट्रूडो को शायद ही कोई उल्लेखनीय लाभ मिल सके, पर उन्होंने भारत के साथ अपने संबंधों में खटास पैदा कर कई परेशानियां जरूर खड़ी कर दी हैं। आतंकवाद और अलगाववाद से लड़ रही दुनिया के सामने यह कोई अच्छा उदाहरण नहीं बनेगा।

# 'वायुवीर विजेता' कार रैली को राज्यपाल ने दिखाई हरी झण्डी

देहरादून(उद संवादाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को शौर्य स्थल चीड़बाग, देहरादून में 'वायुवीर विजेता' कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने 'शौर्य स्थल' युद्ध स्मारक पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय वायु सेना - उत्तराखंड वार मेमोरियल संयुक्त कार रैली, जो थोइस (दियाचेन) से शुरू हुई और लेह, श्रीनगर और जम्मू से गुजरते हुए 14 अक्टूबर, 2024 को देहरादून पहुँची। यह रैली लद्दाख के थोइस से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की यात्रा करेगी, जो वायुसेना के गौरवशाली इतिहास का प्रचार करेगी और युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। विंग कमांडर विजय प्रकाश भट्ट के नेतृत्व में रैली में वरिष्ठ प।थ अधिकारी ग्रुप कैप्टन विनय अग्निहोत्री, एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली लेफ्टिनेंट कर्नल अश्विनी पवार, पर्वतारोही मेजर स्वाति और तीस अन्य प्रतिभागी समूह शामिल है। रैली को रवाना करने के दौरान राज्यपाल ने कहा कि 7 हजार किलोमीटर की कार रैली करना अपने आप में एक किस दृढ़ निश्चय को संबोधित करता है और क्या संकेत है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय वायुसेना वीरता, साहस, शौर्य एवं उच्चतम तकनीक, आधुनिकीकरण और आत्म निर्भरता का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे



वायु योद्धा किस प्रकार से हर चुनौती का सामना करते हुए राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहते हैं यह पूरे राष्ट्र एवं हर युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यह 7,000 किलोमीटर कार रैली करना यह हम सभी को प्रेरित करता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर बलिदानियों ने हमें प्रतिबद्धता, वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान का पाठ पढ़ाया है जो हमें प्रेरित और उत्साहित करता है, उन्होंने कहा कि हर वीर सैनिक हमें सिखाता है कि किस प्रकार भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर भी करना पड़े तो यह एक बहुत ही गर्व की बात होगी। इससे पूर्व रैली के प्रतिभागियों का यूकॉस्ट सिटी, झाझरा में छात्रों और वैज्ञानिकों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। स्वागत समारोह का नेतृत्व महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने किया। अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और उत्तराखंड के छात्रों ने रैली के प्रतिभागियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट किए और प्रतिभागियों को साइंस सिटी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, इस रैली के मेंटर तरुण विजय, सेना, नौसेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंकों में 735 खाली पदों पर भर्ती जल्द

देहरादून। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, सहकारी बैंकों में 735 खाली पदों को भरने के लिए जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा, बैंकों में लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। डॉ. रावत विधानसभा में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। कहा, कोऑपरेटिव बैंकों में दो बार बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती की जा चुकी है। खाली रह गए पदों पर तीसरी बार इस संस्थान के माध्यम से भर्ती कराई जाएगी।राज्य सहकारी बैंक के एमडी नीरज बेलवाल ने बताया, सहकारी बैंकों में कुल 2,033 पदों में से 1,498 कर्मचारी कार्यरत हैं। 735 पद खाली हैं। बैंकों में कर्मचारियों की भर्ती से उनकी कमी जल्द दूर होगी। सहकारिता मंत्री ने प्रदेश की 7,950 ग्राम सभाओं में सहकारी समितियों का गठन पर जोर दिया। कहा, राज्य में पांच हजार सहकारी समितियां काम कर रही हैं, जबकि 2,950 में नई सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। कहा, 670 समितियों में कई जगह भूमि दान की गई है। ऐसी समितियों के नाम भूमि की रजिस्ट्री की जाए। सहकारिता मंत्री ने बैठक में विभागीय ढांचे के पुनर्गठन के निर्देश दिए। बताया गया कि जिला सहायक निबंधक के 17 पद हैं, जिन्हें बढ़ाकर 25 किया जाएगा, जबकि उपनिबंधकों के खाली पांच पदों और एआर की डीपीसी एक माह में करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कुछ समितियों में एसआईटी जांच की प्रगति के बारे में जानकारी ली और पर्वतीय क्षेत्रों में साइलेज की खपत को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विभागीय मंत्री ने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के उत्तराखंड दौरे के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोनिका समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# घनी आबादी को सेक्टरों में बांटकर घर घर करें बालगणना: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में प्रत्येक वार्ड/बस्तियों में निवासरत 03 से 18 आयु वर्ग के समस्त बच्चों की बालगणना की जानी है जिसके लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बालगणना स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सभी विद्यालयों से सेवित बस्तियों की सूची तैयार करते हुए बाल गणना के संकलन में विद्यालयों के शिक्षाकों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी सम्मिलित करें ताकि शतप्रतिशत बालगणना त्रुटि रहित हो सकें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे वन विभाग से समन्वय स्थापित कर वन क्षेत्र के भीतर स्थित डेरों, बस्तियों का विकास खण्डवार डाटा एकत्र कर वन गुर्जर क्षेत्र के बच्चों की बालगणना अवश्य किया जाये। उन्होने कहा कि पूर्व सर्वे की अपेक्षा वर्तमान में जनपद की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, इस लिये औद्योगिक, खनन, गांव, शहर एवं घनी




आबादी वाले क्षेत्रों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाये। उन्होने कहा कि जिस वार्ड/बस्ती में बाल गणना की जा रही है उन क्षेत्र में अस्थाई निवास करने वाले, कूड़ा बीनने वाले, भिखारी, अनाथ, मलिन बस्तियों में रहने वाले एवं श्रमिक परिवारों के बच्चों को अवश्य शामिल किया जाये। उन्होने कहा कि बालगणना हेतु घर-घर सर्वेक्षण के दौरान भरे गये प्रपत्रों, ऑकड़ों का मिलान गतवर्ष की बालगणना के ऑकड़ों से अवश्य कर लिया जाये, जिससे की पता चल सकें कि वर्तमान में कितनी वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकास खण्डवार चिन्हित स्कूल से ड्रॉप ऑउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्ययोजना तैयार करें, जिससे की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें। मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि जनपद में निवासरत 03 से 18 आयु वर्ग के बच्चों की वर्ष 2024-25 की बालगणना की जानी है। उन्होने बताया कि बालगणना के संकलन में प्राथमिक व माध्यमिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, ओसी डॉ.अमृता शर्मा,मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, सीता राम, समन्वयक बलवीर सिंह उपस्थित थे व सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# भद्रकाली महोत्सव को भव्य बनाने के लिए डीएम को सौपा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भद्रकाली मंदिर कांडा को मानसखंड कॉरिडोर श्रृंखला जोड़ने की मांग तेज होने लगी है। इस मांग को लेकर भद्रकाली महोत्सव समिति से जुड़े लोग जिलाधिकारी आशीष भटगांई से मिले। और अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा। समिति ने दिसंबर में होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में सहयोग की अपील की है। साथ ही सुरक्षा के लिए एक ज्ञापन एसपी चंद्रशेखर घोड़के को भी सौंपा। समिति के पदाधिकारी मंगलवार को जिला मुख्यालय में पहुंचे। यहां पहले जिलाधिकारी से मिले। उन्हें अपने मांगपत्र का ज्ञापन सौंपा। समिति के लोगों ने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि इस बार पहली बार भद्रकाली मंदिर में 22 से 24 दिसंबर तक भद्रकाली महोत्सव का आयोजन होना है। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि भद्रकाली मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व है। इसे देखते हुए मंदिर को मानसखंड कोरीडौर श्रृंखला से जोड़ने की अपील की। कहा कि इससे जहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी वहीं पलायन पर भी प्रभावी ढंग से रोक लगेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेगा । महोत्सव को कुशलता से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की। इसके बाद समिति के लोग एसपी से मिले और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी से भी महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों का प्रतिभाग कराने की मांग की। इस मौके पर महोत्सव संयोजक नारायण सिंह धामी, राजेंद्र सिंह गैढ़ा,कोषाध्यक्ष गणेश सिंह धाम, सचिव दरपान सिंह गैढ़ा, उपाध्यक्ष होशियार सिंह धामी, कुंदन सिंह धामी, विनोद कुमार, रमेश बोरा आदि मौजूद रहे।

# रेखा आर्या ने लिया राष्ट्रीय खेलों की तैयारी का जायजा

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम स्थित सभागार में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने खेलों की तैयारियों को तय समयसीमा के भीतर पूरा करने और तैयारियों में कोई कमी ना रखने को लेकर निर्देश दिए हैं।रेखा आर्य ने कहा तैयारियों को लेकर अपनी गंभीरता को दोबारा सुनिश्चित करे। इसके साथ ही विशेष खेल सचिव को अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव से फोन पर बात कर इंदिरा गांधी स्टेडियम (गौला पार) हल्द्वानी के



बजट और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की भूमि हस्तांतरण की दिशा में कार्यवाही तेज करने के लिए निर्देशित किया। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से संबंधित विभिन्न विभागों की एक बैठक जल्द ही आहूत की जाएगी। बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण कर राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा भी लिया।

# वरिष्ठ सहायक को रिश्वत लेते पकड़ा

देहरादून। चिकित्सा निदेशालय के वरिष्ठ सहायक को विजिलेंस ने छह हजार रुपये की रिश्वत के साथ पकड़ा। शिकायतकर्ता द्वारा सतर्कता अधिष्ठान पर शिकायत दर्ज कराई गई कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए वरिष्ठ सहायक, महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मुकेश कोटियाल द्वारा 8,500 रु0 रिश्वत की मांग की गई थी। इसमें से पूर्व में रु0 2500/ उन्हें दे दिए गए थे। और आज सतर्कता अधिष्टान देरादून की ट्रैप टीम द्वारा मुकेश कोटियाल वरिष्ठ सहायक, महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 6,000 रु लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# उपनल कर्मचारियों से जुड़े मामले में सरकार की एसएलपी खारिज

देहरादून। प्रदेश के उपनल कर्मचारियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश सरकार को झटका लगा है। राज्य के 25000 कर्मचारियों से जुड़ा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की एसएलपी खारिज कर दी है। 2018 में हाईकोर्ट ने उपनल कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाने का आदेश दिया था। जिसमें राज्य सरकार से कहा था कर्मचारियों के लिए जब तक नियमावली नहीं बनती है, समान कार्य के लिए सम्मान मानदेय दिया जाए। प्रदेश सरकार हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चली गई थी।

# एम्स सोशल आउटरीच की ओर से किच्छा में वृहद स्वास्थ्य शिविर 18 एवं 19 को

किच्छा(उद संवाददाता)। एम्स, ऋषिकेश के सोशल आउटरीच सेल के संयोजन में सेटेलाइट सेंटर द्वारा किच्छा में एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 18 व 19 अक्टूबर 2024 को किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में एम्स के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे जिसमें किच्छा के सुदूर क्षेत्र के लोगों तथा स्थानीय जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा एवं विभिन्न बीमारियों के बारे में उन्हें जागरूकता दी जाएगी। एम्स, ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के निर्देशन में सोशल आउटरीच सेल द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि किच्छा में बनने वाला सेटेलाइट सेंटर एम्स, ऋषिकेश का दूसरा सेंटर है जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगीं और यह हमारा अथक प्रयास रहेगा। सेटेलाइट सेंटर के द्वारा जनता को जागरूक करना तथा एम्स, ऋषिकेश द्वारा उसके साथ जुड़ाव और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें इसी उद्देश्य के साथ समय-समय पर वहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोशल आउटरीच सेल के नोडल अधिकारी एवं फैमिली फिजिशियन डॉ. संतोष कुमार ने लोगों से जनसंपर्क के दौरान कहा कि वहाँ जनता काफी उत्साहित हैं तथा उनके द्वारा 18 अक्टूबर को गुंजन पैलेस किच्छा में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुंजन पैलेस सिद्धेश्वर मंदिर के नजदीक नई सुनहरी बरेली रोड किच्छा में यह स्वास्थ्य शिविर लगेगा तथा 19 अक्टूबर को सेटेलाइट सेंटर में यह शिविर लगेगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता इस कैंप को एक सामाजिक कैंप बनाते हुए अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन करेंगे जिससे कि वहां पर समय-समय पर इसका संचालन किया जा सके और समाज इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाता रहे इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय तिवारी दीपक पाठक सचिन चावला दिनेश भाटिया उपस्थित थे।



# हनुमान चालीसा का किया सामूहिक पाठ

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी प० विजय शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ करवाया गया। सर्वत्र मंगल की कामना की गई। चालीसा के पाठ में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा भी अपने साथियों के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को होने वाली यह हनुमान चालीसा भक्ति भाव के साथ साथ सनातन का संदेश भी लाती है जो बताता है कि इसी प्रकार और भी क्षेत्रवासियों को इसमें सहभागिता करनी चाहिए और सनातन की जड़ें मजबूत करनी चाहिए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,जीवन जोशी,विनोद चुघ,पंकज सेतिया,सोनू पोपली,शिवम् त्रिपाठी, कृष्ण गाबा, विनोद बजाज, अजय आहूजा, अजय बठला, अशोक कुमार मोर्य,रमेश मदान,हरीश रल्हन,कपिल गण्डा, राम प्रमाद ध्यानी,कशिश खुराना, अजय छाबड़ा ,दर्शन नेगी, बलवीर सिंह,कुनाल रस्तोगी,केशव गगनेजा,सोम नाथ छाबडा,राज कुमार झाम,देवेन्द्र सिंह बिष्ट,अमरजीत बजाज,भीम सिंह,अजय कामरा,योगेन्द्र कुमार,नन्द किशोर, अशोक छाबड़ा,विकास गाबा, यश अरोरा, मोहित गाबा,सुमन अवस्थी, आशु बजाज,प्रमोद बजाज,राज कुमार सुखीजा, लेखराज नागपाल, लविश हुडिया, कनव गंगा,रमन सुखीजा, ऋतिक भुसरी आदि उपस्थित रहे।



# नहर में किशोर का शव मिलने से सनसनी

रामनगर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम बांसीटीला क्षेत्र में स्थित एक नहर में किशोर का शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक किशोर के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम कुंभगडार मालध न चौड निवासी आनंद कुमार का 17 वर्षीय पुत्र चंदन सोमवार की शाम को बाइक लेकर घर से निकला था। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। चंदन की बाइक ग्राम बांसीटीला क्षेत्र में स्थित नदी के किनारे मिली और उसकी चप्पलें भी बाइक के पास बरामद हुई लेकिन चंदन का कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर पुलिस ने भी चंदन की खोजबीन शुरू की। मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में चंदन का शव ग्राम बांसीटीला स्थित नहर में बरामद हुआ इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है। मामले में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा जो आशंका व्यक्त की जा रही है पुलिस उस पर भी जांच में जुटी हुई है।



# दर्जनों महिलाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने उधमसिंह नगर जनपद मुख्यालय रुद्रपुर पहुंचकर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में चल रहे महिला सदस्यता अभियान को और अधिक गति प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष रौतेला ने दर्जनों महिलाओं को डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई, इससे पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत और उनकी पत्नी नीमा पंत ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर, बुके प्रदान कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया, बाद में दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। यहां प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि वह रुद्रपुर में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान से बहुत उत्साहित हैं, यहां महिलाएं महिला कांग्रेस से बड़ी संख्या में जुड़ रही है स इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,निगम पार्षद प्रीति साना, सरला,संगीता मंडल,नीमा पांडे, सीमा पांडे,राधा बोरा,गीता तिवारी, पुष्पा सामंत,सुषमा पांडे,मीनाक्षी जोशी,सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



# अग्रवाल महिला समिति का करवा चौथ महोत्सव 18 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा सुहाग का प्रतीक करवा चौथ महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल तथा महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि करवा चौथ महोत्सव आगामी 18 अक्टूबर को सायं 4 बजे से सिटी क्लब में प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती ऊषा गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती सावित्रि रुंगटा, कार्यक्रम अध्यक्ष रश्मि जिंदल सहित अन्य गणमान्य अतिथि समिति की पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर करेंगी। उन्होंने बताया कि गणेश वंदना के पश्चात महोत्सव में नूपुर नृत्य, हल्द्वानी की टीम द्वारा ऑडियंस के साथ डांडिया नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल तथा महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि अग्रवाल समाज की बहू बेटियां द्वारा करवा चौथ स्पेशल डांस कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहेगा। डांस में भाग लेने वाली सभी बहनों को पुरस्कृत किया। साथ ही समाज की जिन नव बहुओं का पहला करवा चौथ है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में अनेकों स्टॉल भी लगाए जाएंगे जहां दीपावली उपहार, ठाकुर जी की पोशाक और श्रृंगार सामग्री, कुर्तियां, ज्वेलरी एवं अन्य आकर्षक आईटम विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल तथा महामंत्री प्रिया गर्ग ने सभी माता बहनों से आयोजन स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

# आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

गूलरभोज(उद संवाददाता)नगर पंचायत गूलरभोज क्षेत्र में आवारा पशुओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना था कि आवारा जानवरों द्वारा लोगों को आते-जाते मारा जा रहा है। इन आवारा पशुओं के हमले में कई लोगों की मृत्यु हो गई है।व्यापारियों ने कहा कि आवारा पशुओं पर अंकुश लगाया जाये अन्यथा व्यापारी आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, भाजपा महामंत्री सतीश चुघ, भूपेंद्र आर्य, अमित कुमार गुप्ता, मनवीर सिंह, लक्ष्मण गिरि, रामकिशन दहूजा, राकेश ग्रोवर, राजू चावला, अजय अरोड़ा, दीपक छाबड़ा, इंदर सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**महिलायें खुद को कभी...**प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करने के बाद उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलायें निरंतर आगे बढ़ती जा रही हैं। परंतु भारी संख्या में ऐसी महिलायें भी है जो पारिवारिक या अशिक्षित होने कारणों से समाज में पीछे हैं। उन्हें आगे लाने के लिए द हारमनी क्लब को लक्ष्य निर्धारित करना होगा। उन्होंने सभी महिलाओं को उनके बेहतर भविष्य और दीपावली पर्व की शुभकामनायें दीं। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर क्लब की महिलाओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती भट्ट वर्षो से महिलाओं के हितों के लिए कार्य करती आ रही है। पीड़िताओं को कानूनी सहायता देने के साथ ही उन्हें न्याय दिलाने के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। समाज में महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए भी वह सदैव आगे रही हैं। प्रदर्शनी में हेण्डलूम, क्राकरी, पंजाबी सूट व जूतियां, बच्चों के खिलौन व रेडीमेड कपड़े, सोने चांदी की ज्वैलरी, दीपावली के विभिन्न उपहार आईटम, बेडशीट आदि के कई स्टॉल लगाये गये हैं। इस दौरान क्लब की सदस्याधारा अग्रवाल, सरीना अग्रवाल, जसमीत कौर तलवार, अंजू मित्तल, अमिता अग्रवाल, मोनिका श्यामपुरिया, सुनीति गोयल, तन्वी गोयल, रूचि गर्ग तथा मधु रूंगटा आदि मौजूद थे। प्रदर्शनी में हल्द्वानी, देहरादून, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, रामपुर, गुजरात, दिल्ली आदि क्षेत्रों की कई वस्तुओं के स्टॉल सजाये गये हैं।

**दो डंपरों की ...**से गिट्टी निकाल रहे खलासी की लोडेड डंपर से कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक तथा खलासी मौके से फरार हो गए। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़े दोनों डंपरों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक तीन भाइयों में बीच का है। वह अविवाहित था। उसके बड़े भाई की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में मातमी कोहराम मचा है।

**बस की टक्कर से ...**निर्देश पर अपने ट्रैक्टर को ट्राली से अलग करके रोड के किनारे कुछ फासले से खड़ा करके उसके इंडीकेटरों को चालू हालत में सड़क के बायी तरफ खड़ा कर दिया। साथ ही देखभाल के लिए ट्रैक्टर पर लेबर दिलशाद ड्राइविंग सीट पर बैठा था कि इतने में बिलासपुर जिला रामपुर की ओर से हल्द्वानी की ओर जा रही दो मंजिला प्राइवेट बस संख्या यूके-04 पीए-1520 जिसे उसका ड्राइवर अत्यधिक तेजी से चला रहा था। ने अचानक ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ड्राइविंग सीट पर बैठे दिलशाद ट्रैक्टर से छिटक कर दूर गिरने से उसके सिर व कमर में काफी चोटे आयी तथा ट्रैक्टर बुरी तरह टूटकर कई टुकड़े हो गया। बस के आगे वाली नम्बर प्लेट भी घटना स्थल पर गिर गयी थी। बस को उसका ड्राइवर उसी समय वहीं से लेकर भाग गया।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ..**मोबाइल भी स्विच ऑफ है। जिस वकील के बारे में छात्रा ने ताई को फोन करके बताया था उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। तहरीर में युवक का कहना है कि उसकी बहन को अगवा करके ले गया वकील उसकी बहन के साथ कोई भी अनहोनी कर सकता है। युवक के मुताबिक उक्त वकील पर पूर्व में भी लड़कियों के साथ यौन शोषण के आरोप लगे हैं उसके खिलाफ बिलासपुर थाने में मुकदमा भी दर्ज है। युवक ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आईएमपीसीएल के निजीकरण ...**पर अब इस फैक्ट्री का निजीकरण नहीं होने देंगे। सरकार के फैसले के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। हरीश रावत ने केदारनाथ उपचुनाव पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस को बाबा बद्री का आशीर्वाद मिल चुका है और अब बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद भी मिलने जा रहा है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस ऐतिहासिक मतों से जीतेगी। बता दें कि इस फैक्ट्री के विरोध में कर्मचारियों की दो यूनियन आंदोलन में जुटी हुई है वही पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने भी सरकार के इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि पदयात्रा के माध्यम से एसडीएम के द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। कहा कि यदि सरकार ने अपने फैसलों को वापस नहीं लिया तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# देहरादून एयरपोर्ट पर विमान के अंदर बम मिलने की सूचना से मचा हड़कंप

देहरादून एयरपोर्ट पर एक विमान में बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों और बम निरोधक दल ने विमान को घेर लिया। एयरपोर्ट पर डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंची। कई घंटे तक इस विमान की तलाशी ली गई।देहरादून एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ को ट्विटर हैंडल पर एलाइंस एयर के विमान में बम मिलने की सूचना मिली। यह फ्लाइट शाम करीब 4:30 बजे अमृतसर से देहरादून पहुंची थी। इस फ्लाइट के देहरादून पहुंचते ही सुरक्षा एजेंसियों ने इसे घेर लिया। आनन-फानन सभी 32 पैसेंजर को नीचे उतारा गया। जिसके बाद विमान को एक वाहन से खींचकर एयरपोर्ट टर्मिनल से लगभग तीन किलोमीटर दूर रनवे की शुरुआत में ले जाया गया। जहां सीआईएफ, उत्तराखंड पुलिस और बम निरोधक दल ने विमान को घेर लिया। इस दौरान एयरपोर्ट पर हड़कंप की स्थिति बनी रही। देहरादून एयरपोर्ट पर जिस वक्त एलाइंस एयर के विमान में बम की सूचना मिली। उस वक्त अन्य शहरों की फ्लाइट्स को देहरादून आना था, लेकिन इन फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट पर जीरो जोन कर दिया गया। वहीं एयरपोर्ट पर यात्रियों को भी अंदर ही रोक दिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

ईशा ट्रेडर्स
महासेल Upto 50%
हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि
Since 2004
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट
आर्टफिशयल घास
पी.यू. मार्बल शीट
वालपेपर
यू. वी. शीट
सम्पर्क सुत्र:- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पता:- एस. आर. ए. डी.-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)

# खाद्य पदार्थो में थूकने वालों पर एलआईयू कसेगा शिकंजा

## उत्तराखंड में खुले स्थानों पर चल रहे होटल और ढाबा कारोबारियों की चैकिंग और सत्यापन करने के आदेश

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर पर्यटन नगरी मसूरी में पर्यटकों के लिए बनायी चाय के बर्तन में थूकने की घिनौनी हरकत करने वाले एक वायरल वीडियो का संज्ञान लेने के बाद पुलिस महकमे को कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्ययोजना के साथ काम करने के निर्देश दिये है। सीएम धामी के अनुसार प्रदेश में किसी भी पेय अथवा खाद्य पदार्थ में थूकने जैसे दुष्कृत्य करने वालों के लिए देवभूमि उत्तराखंड में कोई स्थान नहीं है, प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य व जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ये निर्देश दिए हैं कि यदि कोई इस तरह का कुकृत्य करते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के सजग नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर होटल और ढाबा जैसे व्यवसायिक संस्थानों में खाद्य पदार्थों में थूकने की घटनाओं के वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह मामला आते ही, उनके निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया है। समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वे होटल/ ढाबा एवं अन्य



व्यवसायिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। साथ ही, इन संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर जोर दिया जाए। खुले स्थानों पर चल रहे खाद्य कारोबारियों पर विशेष ध्यान देने के लिए स्थानीय अभिसूचना इकाई की सहायता ली जाए। इस दिशा में पहली कार्रवाई मसूरी क्षेत्र में की गई, जहां अभियुक्तों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं खाद्य विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए रैंडम चेकिंग की जाएगी। इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखण्ड पुलिस एक्ट की धारा 274 बीएनएस और उत्तराखण्ड पुलिस एक्ट की धारा 81 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने आदेश दिए कि यदि इस प्रकार की घटनाओं से धार्मिक, मूलवंशीय या भाषायी भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो धारा 196 (1) (बी) अथवा 299 के अंतर्गत भी सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि स्वास्थ्य और खाद्य विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि इस प्रकार की घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके।

# हमारे त्योहार के सीजन आ रहे हैं ,लोगों को खाने पीने की सभी वस्तुएं शुद्ध ढंग से प्राप्त हों

## सीएम धामी ने कहा : थूक जिहाद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे

देहरादून( उद संववाददाता)। सरकारी और निजी भूमि पर अवैध कब्जे, धर्मांतरण और मसूरी में हुई घटना को लेकर सीएम के लगातार बयान आ रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने मुख्य सचिव और सचिव राजस्व को सभी जिलों में भू-कानून के विपरीत भूमि की खरीद-फरोख्त के मामले में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सीएम धामी ने कहा कि हमारा राज्य एक शांतप्रिय, धार्मिक, सांस्कृतिक राज्य की पहचान है। लोग देवभूमि को बहुत श्रद्धा और आस्था के साथ देखते हैं। कहा कि हमारे त्योहार के सीजन आ रहे हैं। हमारी यह सर्वोच्च प्राथमिकता है कि लोगों को खाने-पीने और उपयोग की सभी वस्तुएं शुद्ध ढंग से प्राप्त हों। मसूरी की घटना के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी के तेवर बेहद सख्त हैं। देवभूमि का स्वरूप बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को वह बार-बार हिदायत दे रहे हैं। सीएम ने देहरादून में एक कार्यक्रम के दौरान फिर दोहराया कि प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और थूक जिहाद करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा, देवभूमि उत्तराखंड का मूल स्वरूप बना रहना चाहिए। देश-दुनिया में उत्तराखंड का अलग स्थान है। एक



शांतप्रिय, धार्मिक, सांस्कृतिक राज्य की पहचान है। लोग देवभूमि को बहुत श्रद्धा और आस्था के साथ देखते हैं। लैंड जिहाद हो, लव जिहाद हो या थूक जिहाद हो, शासन और प्रशासन के स्तर पर हम इसमें सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। सीएम धामी ने कहा, ठोस पहल करेंगे। प्रशासन को निर्देश दिए जाएंगे कि इस तरह के मामलों की सघन जांच हो। कहा हमारे त्योहार के सीजन आ रहे हैं। हमारी यह सर्वोच्च प्राथमिकता है कि लोगों को खाने-पीने और उपयोग की सभी वस्तुएं शुद्ध ढंग से प्राप्त हों। थूक जिहाद उत्तराखंड देवभूमि में किसी भी कीमत पर बर्दाश्त करने के योग्य नहीं है। इसे हमें स्वीकार नहीं करेंगे।

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000